# सर्विस लेन की मांग को लेकर लगाए काले झंडे

## हाउसिंग बोर्ड के समीप बन रहे रेलवे ओवरब्रिज के दोनों तरफ सर्विस लेन नहीं देने से नागरिकों में आक्रोश

- नागरिकों ने मकानों पर काले झंडे लगाकर किया विरोध
- स्कूली बच्चों को आवागमन में होती है परेशानी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 31 अक्टूबर. जिला मुख्यालय के हाउसिंग बोर्ड के समीप बनाए जा रहे रेलवे ओवरब्रिज को लेकर कालोनी सहित आसपास के रहवासियों का विरोध प्रदर्शन लगातार मुखर होता जा रहा है. शुक्रवार को हाउसिंग बोर्ड कालोनी के रहवासियों ने अपने मकानों पर काले झंडे लगाकर विसंगतिपूर्ण ओवरब्रिज निर्माण का विरोध एवं ब्रिज के दोनों ओर सर्विस लेन बनाने की मांग को दोहराया है.**

जिला मुख्यालय स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी के समीप बन रहा रेलवे ओवर ब्रिज शुरुआत से ही चर्चाओं में बना हुआ है. ब्रिज कॉर्पोरेशन और रेल विभाग द्वारा बनाए जा रहे ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य में अनेक अनियमितताओं के आरोप लगते आए हैं. हाउसिंग बोर्ड कालोनी के अलावा ओवर ब्रिज रेल्वे क्रासिंग के पास पं.दीनदयाल नगर, श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर, कृष्णा नगर, संतोष नगर और हाऊसिंगबोर्ड कॉलोनी फेस-2, बस्ती, शांति बिहार इत्यादि कॉलोनी के लगभग पांच हजार लोग निवास करते हैं. जिनका आने-जाने के लिए एकमात्र मार्ग मध्य प्रदेश गृह निर्माण मण्डल द्वारा बनाया गयाथा जो हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी का मुख्य मार्ग था. स्थानीय रहवासियों का कहना है कि ब्रिज निर्माण एजेंसी द्वारा इसे बंद कर दिया गया है. जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. इसके अलावा ब्रिज से दोनों तरफ सर्विस रोड न बनाते हुए एक ही तरफ से चढ़ने व उतरेन का मार्ग बनाया है. लोगों की मानें तो इस बेतूके निर्माण से रोजाना सड़क दुर्घटनाएं घटित होंगी.



**सीहोर.** ओवर ब्रिज के समीप सर्विस लेन बनाने की मांग को लेकर घरों पर लगे काले झंडे.

### रहवासियों द्वारा कई दिनों से आंदोलन किया जा रहा

क्षेत्र के पूर्व पार्षद मनोज गुजराती का कहना है कि हाउसिंग बोर्ड के समीप शहर के पांच बड़े पब्लिक स्कूल हैं, जिनमें हजारों बच्चे पढ़ते हैं. निर्माण एजेंसी ने ब्रिज की वास्तविक ड्राईंग में बदलाव करते हुए सर्पाकार मोड़ दिया है जिसके कारण स्कूली वाहनों व यहां से गुजरने वाले अन्य वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है. इन खामियों को देखते हुए स्थानीय रहवासियों द्वारा बीते कई दिनों से आंदोलन का रुख अपनाया हुआ है. सर्पाकार ओवरब्रिज का विरोध जताने के लिए लोगों द्वारा नवरात्रि में मातारानी के पांडाल में ज्ञापन सौंपकर निर्माण एजेंसी व जिम्मेदारों को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की गई थी. इसके अलावा पिछले दिनों सांप- सीढ़ी प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों के बीच कराया गया था. इसी तरह तीन दिन पहले कॉलोनियों के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा एक दिवसीय सांकेतिक धरना देते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर ब्रिज के दोनों तरफ सर्विस लेन बनाने की मांग की थी. इसके बाद भी जब प्रशासन का रवैया उदासीन नजर आया तो लोगों ने अनूठे अंदाज में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है.

### मानव श्रृंखला बना कर करेंगे मांग

पूर्व पार्षद मनोज गुजराती ने बताया कि शुक्रवार को कालोनी के रहवासियों द्वारा अपने मकानों पर काले झंडे लगाए गए हैं. इसके अलावा शनिवार को कालोनी की महिलाओं एवं बच्चों द्वारा कालोनी के मंदिर से ओवर ब्रिज तक मानव श्रृंखला बनाई जाएगी और सर्विस लेन की मांग की जाएगी.

## दिल्ली से बरामद हुईं गांव की दो लापता बालिका

**सीहोर.** समीपस्थ ग्राम जामुन छापरी की दो नाबालिग बालिकाओं को पुलिस ने दिल्ली से बरामद कर लिया है. वह गायिका बनने के लिए मुंबई जाना चाहती थीं, लेकिन रास्ता भटक जाने से दिल्ली पहुंच गई थीं. गौरतलब है कि थाना बिलकिसगंज की दो बालिकाएं 4 अक्टूबर को घर से बिना बताए चली गई थीं. प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना बिलकिसगंज पुलिस द्वारा दोनों की तलाश प्रारंभ की गई. बालिकाओं की पतारसी हेतु त्वरित कार्रवाई प्रारंभ की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिरों की सूचना तथा कैमरों की फुटेज के आधार पर लगातार कार्यवाही करते हुए दोनों बालिकाओं को दिल्ली से सकुशल बरामद किया. गौरतलब है कि इस मामले में हिन्दू संगठनों द्वारा आक्रोश व्यक्त किया गया था. बालिकाओं से पूछताछ कर उनके कथन दर्ज किए गए. दोनों ने बताया कि वे गायिका एवं पब्लिक स्पीकर बनना चाहती थीं और अपने इस सपने को पूरा करने के उद्देश्य से मुंबई के लिए घर से निकली थीं, किंतु मार्ग भटक जाने के कारण दिल्ली पहुंच गईं. जांच में यह स्पष्ट हुआ कि बालिकाओं के साथ अनुचित घटना या गलत कार्य नहीं हुआ है. दोनों बालिकाएँ अपनी इच्छा से घर से गई थीं, तथा प्रकरण में संज्ञये अपराध घटित होना नहीं पाया गया.

## एक नजर में




### देश की एकता और अखंडता के लिए दौड़े सैकड़ों खिलाड़ी

**बुधनी.** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर पुलिस प्रशासन द्वारा रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन दशहरा मैदान में किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश देना था. इस अवसर पर सांदीपनि विद्यालय का खेल ग्रुप, एनसीसी ग्रुप एवं कैम्ब्रिज स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. दौड़ का शुभारंभ महाराणा प्रताप चौराहे से किया गया, जो लगभग ढाई किमी की दूरी तक संपन्न हुई. एसडीओपी रवि शर्मा ने सभी अधिकारियों, खिलाड़ियों और उपस्थित नागरिकों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई. इस मौके पर थाना प्रभारी डीएसपी चैन सिंह रघुवंशी, उप निरीक्षक संदीप जाट, राजेश मालवीय, राम प्रसाद, सोनी सोनू चौहान, एनसीसी ऑफिसर विजय गौर, खेल शिक्षक मो.इरफान ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया.



### चप्पल त्याग गौमाता सम्मान पद यात्रा का किया स्वागत

**बुधनी.** छिंदवाड़ा जिले के नवेगांव से निकली 'चप्पल त्याग गौ माता सम्मान पदयात्रा' शुक्रवार को नगर में पहुंची. गौभक्तों की इस पदयात्रा का नगर में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और स्थानीय गौ रक्षकों द्वारा स्वागत किया गया. यात्रा का उद्देश्य गौ माता की रक्षा, सेवा और उन्हें राज्य माता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर जनसमर्थन जुटाना है. नवेगांव की श्री श्याम गो सेवा समिति द्वारा यह पदयात्रा 17 अक्टूबर से प्रारंभ की गई थी, जो 5 नवम्बर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन सौंपेगी. ज्ञापन में 500 गौवंश की गौशाला, चिकित्सालय, गौन्यायालय की स्थापना और गौमाता को राज्य माता घोषित करने की मांग की गई है. यात्रा का स्वागत करने वालों में राहुल सिंह ठाकुर, सोनू चौहान, गोलू भावसार, भानु यादव, नवल दावड़ा, रिंकू यादव, विकास गौर, आदित्य मेहरा, सतीश मनेहरी, संजीत कुमार राणा, दीपक चंदेल, जितेंद्र यादव सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे.



### सेवानिवृत्त होने पर विद्युत मंडल अधिकारी को दी विदाई

**बरखेड़ी.** जिले के विद्युत वितरण केंद्र बिलकिसगंज, बरखेड़ी के विद्युत मंडल के अधिकारी शिवराम पाली के सेवानिवृत्त होने पर ग्रामीण किसानों ने सम्मान कर विदाई दी. इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि कमलेश त्यागी मित्र मंडल द्वारा साफा बांधकर सम्मान किया गया. इस मौके पर उपसरंपच प्रदीप त्यागी, उमेश त्यागी, सुधीर, रमेश विश्वकर्मा विश्वकर्मा एवं योगेंद्र सहित ग्रामीण शामिल थे. इस दौरान किसानों ने अनोखे तरीके से बारात निकालकर डांडिया नाच करते हुए लकड़ी का हल भेंट किया. ग्राम चंदेरी, बरखेड़ी, बिजलोन, टिटोरा, आलमपुरा, रामाखेड़ी, ढाबला, भोजनगर, खेड़ली, भण्डेली, लोह पठार, कोलार डैम, गेरूखान पाटनी, बडनगर, बमुलिया, रलावती, भैंसाखेड़ी सहित दर्जनों गांव के किसानों ने डांडिया खेलते हुए अनोखे तरीके से शिवराम पाली को विदाई दी.




### सरदार पटेल की जयंती पर निकाला चल समारोह

**शाहगंज.** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर नगर में कुर्मी क्षत्रिय समाज के तत्वाधान में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा चल समारोह निकाला गया. जिसका नागरिकों ने अनेक स्थानों पर स्वागत किया. चल समारोह में रथ पर सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं दामोदर दास महाराज एवं विद्यानंद ब्रह्मचारी के छायाचित्र रखे गए थे. चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ जगदीश मंदिर पहुंचा. जहां विधायक रमाकांत भार्गव द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति का अनावरण किया गया. साथ ही दामोदर दास महाराज एवं ब्रह्मचारी विद्यानंद जी महाराज की मूर्तियों का भी अनावरण किया गया.

## देवउठनी ग्यारस पर आज मंडी रहेगी बंद

**सीहोर.** कृषि उपज मंडी समिति द्वारा 1 नवम्बर को देवउठनी ग्यारस के अवसर पर मंडी में अवकाश घोषित किया गया है. समिति सचिव ने बताया कि देवउठनी ग्यारस के दिन मंडी प्रांगण में न तो कृषि उपज की नीलामी होगी और न ही कोई व्यापारिक गतिविधि संचालित की जाएगी. नियमित मंडी कार्य आगामी कार्य दिवस से पहले की तरह प्रारंभ किए जाएंगे. सभी किसानों से अपील की गई है कि वे मंडी में आज उपज न लाएं.

# देश की एकता और अखण्डता के लिए सरदार पटेल सदियों तक रहेंगे याद

- कांग्रेस ने मनाई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती
- इंदिरा गांधी ने किया भारत का निर्माण: गुजराती

नवभारत न्यूज

**सीहोर 31 अक्टूबर.** भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती व देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पुण्यतिथि जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता एवं पूर्व ब्लाक अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओम वर्मा के विशेष आतिथ्य में मनाई गई. इस मौके पर ओम वर्मा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की अखंडता एवं एकता के लिए सरदार पटेल जी का योगदान सदियों तक याद रखा जाएगा.

जिला अध्य्क्ष राजीव गुजराती ने श्रीमती इंदिरा गांधी एवं लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी को याद करते हुए कहा कि शक्ति, संकल्प और सशक्त नेतृत्व की मिसाल रहीं इंदिरा गांधी जी करोड़ों भारतीयों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं. इस अवसर पर प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेन्द्र वर्मा, राजाराम बड़े भाई, सीताराम भारती, ओम राठौर, दिनेश भैरवे, मारूति राव, राजेश भूरा यादव, विवेक राठौर, निशांत वर्मा, मुनव्वर मामू, घनश्याम यादव, घनश्याम मीणा, मनोज पटेल, रामायण प्रसाद शुक्ला, योगेन्द्र, मांगीलाल टिमरई, प्रेम नारायण परमार, केके रिछारिया, तुलसी, राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, ममता शर्मा, पूरन मालवीय, ब्रजेश पाटीदार, गजराज, दीपिका शर्मा ओम सोनी आदि मौजूद थे.



# एकता दौड़ के साथ विभागों में दिलाई अखंडता की शपथ

नवभारत न्यूज

**सीहोर 31 अक्टूबर.** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर नागरिकों में राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देशभक्ती की भावना को सुदृढ़ के उद्देश्य से जिले के सभी थानों सहित जिला मुख्यालय पर एकता दौड़ का आयोजन किया गया.

एकता दौड़ को विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने आवासीय खेल परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. एकता दौड़ में लगभग 800 से अधिक युवाओं, खिलाड़ियों, स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थियों, एनसीसी एवं एनएसएस कैडेट्स, सामाजिक संगठनों, पुलिस बल, होमगार्ड्स, विशेष सशस्त्र बल तथा नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. इस अवसर पर विधायक सुदेश राय द्वारा एकता दौड़ में शामिल सभी प्रतिभागियों एवं नागरिकों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई गई. इस अवसर पर पौधारोपण भी किया गया. इस अवसर पर सन्नी महाजन, एएसपी सुनीता रावत, डीईओ संजय सिंह तोमर सहित अनेक पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे.




## आज हजारों दीपों से जगमग होगा कुबेरेश्वरधाम

नवभारत न्यूज

**सीहोर 31 अक्टूबर.** कुबेरेश्वरधाम पर दीपावली का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है. धाम को रंग-बिरंगी रोशनी से सराबोर किया गया है.

शनिवार को देव उठनी ग्यारस पर हजारों दीप से धाम को श्रद्धालुओं के द्वारा रोशन किया जाएगा. इसके अलावा रात्रि को पूर्ण-विधि विधान से पूजा अर्चना की जाएगी. शुक्रवार को धाम पर बाबा की आरती का आयोजन किया गया था. इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं से भेंट की.



उन्होंने कहा कि भगवान के नाम का कीर्तन और जप निरंतर करते रहना चाहिए, क्योंकि यह मन को शांत करता है, चिंताओं से मुक्ति दिलाता है और आध्यात्मिक शांति प्रदान करता है. निरंतर जप पापों को नष्ट करता है और व्यक्ति को भगवान के प्रति अधिक समर्पित बनाता है.

## स्कूल शिक्षा मंत्री ने की शोक संवेदना व्यक्त

**बुधनी.** परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह अल्प प्रवास पर बुधनी पहुंचे. उन्होंने नगर के व्यवसायी ललित शर्मा की माताजी श्रीमती नन्नी बाई शर्मा के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की. उन्होंने शोकाकुल परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया और परिवार के साथ संवेदना के क्षण साझा किए. इस दौरान भाजपा नेता विजय सिंह राजपूत, एसडीएम डीएस तोमर, एसडीओपी रवि शर्मा एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे. स्वर्गीय श्रीमती नन्नी बाई शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व जीवन को याद किया.

# झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई, तीन क्लीनिक किए सील

नवभारत न्यूज

**श्यामपुर 31 अक्टूबर.** ग्राम चरनाल में अवैध रूप से क्लीनिक में मरीजों का उपचार करने वाले बंगाली डॉक्टर के पास कार्रवाई करने अमला पहुंचा तो उसने गांव वालों को बुलवाकर अमले को धमकाने का प्रयास किया. मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला. अब आरोपी डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर होगी.

शुक्रवार को ग्राम चरनाल में एक बंगाली डॉक्टर तपन कुमार विश्वास अपनी क्लीनिक पर इलाज करते हुए पाए गए. उनके द्वारा इलाज करने हेतु या चिकित्सा व्यवसाय हेतु किसी भी प्रकार का वैद्य डिग्री या दातावेज नहीं बताया गइस दौरान तपन ने ग्रामवासियों को बुला लिया. जिससे शासकीय काम में बाधा उत्पन्न कराया गया एवं टीम को धमकियां दिलाई गई तथा क्लीनिक सील बन्द करने से रोका गया.बीएमओ डॉ. मेहर ने सीएमएचओ को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है. आरोपी डॉक्टर तपन के खिलाफ एफआईआर की तैयारी शुरू हो गई है.

इसी तरह अहमदपुर में दो क्लीनिकों को सील किया गया. डॉ. विश्वास को इलाज करते पाया गया इनके पास मरीज पाए गए तथा पूछने पर डिग्री, क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन तथा कोई भी एलोपैथिक दवाई देने का कोई दस्तावेज नहीं पाया गया. विश्वास का कहना है कि मेरे पास हाई कोर्ट का आदेश है परन्तु कोई भी आदेश विश्वास द्वारा नहीं दिखाया गया. उनका क्लीनिक सील किया गया. अहमदपुर में पर्वत सिंह दांगी की क्लीनिक पर छापामार कार्यवाही की गई जहां दांगी का सहायक भगवत साहू मरीजों का इलाज करते पाया जाने पर दवा जब्त कर क्लीनिक को सील किया गया.



## कैंसर से जूझ रहे नप अध्यक्ष पुत्र का निधन

**बुधनी.** पूर्व नपाध्यक्ष सुभाष पंजाबी के ज्येष्ठ पुत्र एवं युवा व्यवसायी कपिल पंजाबी का 45 वर्ष की बीमारी के चलते निधन हो गया. उनके निधन से नगर में शाक की लहर छा गई. जन प्रतिनिधि, व्यापारी, नागरिकों ने श्रद्धांजलि दी. बताया जाता है कि कपिल पंजाबी कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे. हाल ही में उनका इलाज आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के अंतर्गत मध्यप्रदेश से बाहर आचार्य मनीष के संस्थान पंचकर्म चिकित्सालय में चल रहा था. जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई. समाजसेवियों और नागरिकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की.

**आदेश** — देवउठनी ग्यारस पर कलेक्टर के आदेश, बाल विवाह रोकथाम के लिए कंटोल रूम स्थापित, उड़न दस्ता दल गठित

# आज से शहनाई शुरू, बाल विवाह करने पर होगी कड़ी कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**सीहोर 31 अक्टूबर.** शनिवार को जहां देवउठनी ग्यारस से विवाह मुर्हुत शुरू हो जाएंगे. वहीं कलेक्टर बालागुरू के ने जिले में संभावित बाल विवाह की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए आदेश जारी किए हैं.

कलेक्टर बालागुरू के ने निर्देश दिए हैं कि एक नवम्बर को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह समारोहों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा किसी भी स्थिति में नाबालिग वर-वधु का विवाह न होने दिया जाए. बाल विवाह की रोकथाम के लिए उड़न दस्ता दल गठित किए गए हैं तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला वन स्टॉप सेंटर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका नंबर 07562221666 है. कलेक्टर द्वारा जारी आदेशनुसार बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति पर रोक लगाने के लिए सभी संबंधित विभागो को समन्वय के साथ सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं. उन्होंने निर्देश दिए हैं कि इस अवसर पर बाल विवाह की सूचना मिलने पर संबंधित अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचकर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करेंगे. इसके साथ ही बाल विवाह करवाने, प्रोत्साहित करने या उसमें सहभागी होने वालों—जैसे कि बाराती, विवाह स्थल संचालक, टेंट हाउस, केटरर, पंडित या मौलवी—सभी के विरुद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाए. कलेक्टर बालागुरू के ने निर्देश दिए हैं कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी विवाह समारोह में वर की आयु 21 वर्ष से कम तथा वधु की आयु 18 वर्ष से कम न हो. ऐसे प्रकरण सामने आने पर विवाह तत्काल रोकने के निर्देश दिए गए हैं.

उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि यदि कहीं बाल विवाह होने की जानकारी मिले, तो तुरंत जिला वन स्टॉप सेंटर के कंट्रोल रूम नंबर 07562221666 पर सूचित करें.


## कार्यालय नगर पालिका परिषद आष्टा, जिला सीहोर (म.प्र.)

क्रमांक/1435/ई- टेंडरिंग/तक.शा./न.पा./ 2025 आष्टा दिनांक 30.10.2025

**:: ई- निविदा आमंत्रण सूचना::**

एतद द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन (Online) निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**कार्य का विवरण निम्नानुसार है।**

| क्र. | ऑनलाईन टेंडर नं. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_457295_1 | निकाय क्षेत्रांतर्गत लोकसेवा केन्द्र आष्टा भवन में रेनोवेशन कार्य। | 1 माह 561383/- | 2000/- 5615/- | 15.11.2025 सांय 17.30 तक |

**नोटः-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https ://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जाएगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जाएगा। जी.एस.टी. का भुगतान प्रथक से देय होगा। निकाय की वित्तीय स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित ठेकेदार को भुगतान किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विनोद कुमार प्रजापति मुख्य न.पा. अधिकारी न.पा.प. आष्टा | कमलेश जैन प्रभारी लोनि विभाग न.पा.प. आष्टा | सिद्धिका बी भूरू भाई उपाध्यक्ष न.पा.प. आष्टा | हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा अध्यक्ष न.पा.प. आष्टा |